प्रथम अपर **मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण** कांके**र, जिला** - उत्तर बस्तर कांकेर **(छ०ग०)**

**(पीठासीन अधिकारी** - श्रीमती विभा पाण्डेय**)**

---

मो०दु०दा०प्र०क्र०–113/2022
संस्थित दिनांक–13/10/2022
CIS. Reg. NO. 113/2022
CNR. NO. CGKK010006842022

विरेन्द्र नेताम वल्द लखमू राम, उम्र– 50 वर्ष,
साकिन– बड़े राजपुर रावसवाही, थाना व तहसील– विश्रामपुरी,
जिला–कोण्डागॉव (छ.ग.) **----------आवेदक**

**बनाम**

**01–** राजेश निषाद वल्द जालीराम निषाद, उम्र–34 वर्ष,
साकिन– बरारी, थाना व तहसील–धमतरी,
जिला–धमतरी (छ.ग.) --------वाहन चालक

**02–** योगेश सोनी वल्द ज्ञानेश सोनी, उम्र–35 वर्ष,
साकिन– रामपुर वार्ड धमतरी, थाना व तहसील–धमतरी,
जिला–धमतरी (छ.ग.) --------वाहन स्वामी

**------------अनावेदकगण**

---

**//राजीनामा एवार्ड//**
**(आज दिनांक 06/10/2025 को पारित)**

---

**01–** आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध धारा–166(1) एवं 140(1) मोटरयान अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत मोटर दुर्घटना में स्वयं को आई चोटों से उत्पन्न क्षति की एवज में कुल **23,50,000/–(तेईस लाख पचास हजार रूपये)** प्रतिकर राशि ब्याज सहित अनावेदकगण से दिलाए जाने हेतु पेश किया है ।

**02–** आवेदक एवं अनावेदक क्रमांक 01 एवं 02 के मध्य समझौता होकर, लिखित में समझौता किया गया और उक्ताशय का राजीनामा आवेदन पेश किया गया । आवेदक का राजीनामा कथन लेखबद्ध किया गया । जिसके अनुसार आवेदक ने अनावेदक क्रमांक 01 एवं 02 से बिना किसी डर, दबाव एवं लालच के स्वेच्छयापूर्वक **4,50,000/–(चार लाख पचास**

**हजार रूपये)** राजीनामा किया गया है । राजीनामा की तयशुदा राशि में से अनावेदक क्रमांक 01, एवं 02 द्वारा **2,50,000/–(दो लाख पचास हजार रूपये)** आवेदक को नगद प्रदान किया जाना एवं शेष राशि **2,00,000/–(दो लाख रूपये)** के एवज में पंजाब नेशनल बैंक शाखा–धमतरी का **चेक क्रमांक 683178, 683179 राशि 1,00,000–1,00,000/–(एक–एक लाख रूपये)** का प्रदान किया जाना बताया गया है ।

**03–** अधिकरण के द्वारा उभय पक्ष से पूछे जाने पर उभय पक्ष ने स्वेच्छयापूर्वक राजीनामा करना व्यक्त किया है, जो राजीनामा किया गया है वह पक्षकारों के हित में है और विधि अनुकूल है । अतः राजीनामा आवेदन स्वीकार कर निम्नलिखित एवार्ड दिया जाता हैः–

**01– अनावेदक क्रमांक 01 एवं 02, आवेदक को** राजीनामा तयशुदा राशि 4,50,000/–(चार लाख पचास हजार रूपये) में से **2,50,000/–(दो लाख पचास हजार रूपये)** नगद प्रदान करेंगे ।

**02–** अनावेदक क्रमांक 01 एवं 02, शेष राशि **2,00,000/–(दो लाख रूपये)** के एवज में पंजाब नेशनल बैंक शाखा–धमतरी का चेक क्रमांक **683178, 683179 राशि 1,00,000–1,00,000/–(एक–एक लाख रूपये)** का प्रदान करेंगे ।

व्यय तालिका बनायी जावे ।

**स्थान–कांकेर**
**दिनांक 06/10/2025**

**सही/–**
**(श्रीमती विभा पाण्डेय )**
**प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावाधिकरण**
**उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**प्रतिलिपि–** आवेदक एवं अनावेदक क्रमांक 02 को निःशुल्क प्रेषित ।

**सही/–**

**(श्रीमती विभा पाण्डेय )**
**प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावाधिकरण**
**उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**